## खबर संक्षेप

### देवास बांध का पानी अन्यत्र भेजने का विरोध

**देवास।** बांध से अन्य क्षेत्रों में जल स्थानांतरण की संभावनाओं को लेकर पूर्व महापौर शरद पाचुनकर ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि देवास शहर ने पांच दशकों से अधिक समय तक भीषण जल संकट झेला है और लंबे संघर्ष के बाद शिप्रा जिला जलवर्धन योजना के माध्यम से शहर को स्थायी जल आपूर्ति की दिशा में राहत मिली थी। ऐसे में वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए देवास के हिस्से का पानी अन्यत्र देना न्यायोचित नहीं होगा। पाचुनकर ने बताया कि उनके महापौर कार्यकाल में शिप्रा जिला जलवर्धन योजना पूर्ण हुई थी, जिससे वर्षों से जल संकट से जूझ रहे शहरवासियों को बड़ी राहत मिली। उन्होंने कहा कि शहर की लगातार बढ़ती जनसंख्या के कारण आज भी अतिरिक्त जल की आवश्यकता महसूस की जा रही है और कई क्षेत्रों में पेयजल संकट बना हुआ है। उन्होंने कहा कि देवास के नागरिकों ने जल संकट के कारण अत्यंत कठिन परिस्थितियों का सामना किया है। वर्षों के संघर्ष और जनभावनाओं के परिणामस्वरूप बांध और जल परियोजनाओं का निर्माण संभव हो पाया था। पूर्व महापौर ने नगर निगम प्रशासन से आग्रह किया कि इस विषय पर कोई भी निर्णय लेने से पहले जल आवश्यकताओं का गंभीरता से आकलन किया जाए। कहा कि देवास की जनता के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### नप में चार एल्डरमैनों ने संभाला पदभार

**भौरासा ।** नगर परिषद भौरासा में नवनियुक्त एल्डरमैनों के पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुकेश कुमावत, प्रदीप मंत्री, मुरारीलाल लोधी एवं नरबत यादव ने विधिवत शपथ लेकर अपना पदभार ग्रहण किया। शपथ ग्रहण से पूर्व चारों नवनियुक्त एल्डरमैनों ने बड़े हनुमान चौक स्थित बाबा खेड़ापति सरकार के दर्शन किए। इसके बाद ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ नगर परिषद पहुंचे, जहां नगर के विभिन्न स्थानों पर उनका पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी उपस्थित रहे। अध्यक्षता नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा ने की। विशेष अतिथियों में बाबूलाल डोडिया, भगवान सिंह कामदार, पूर्व मंडल अध्यक्ष आराम सिंह सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### सिविल अस्पताल में महिला डॉक्टर की वापसी से भड़का जनाक्रोश

# मृतका के पीड़ित पिता बोले, जल्द न्याय नहीं मिला तो बच्चों के साथ करूंगा धरना प्रदर्शन

आदिवासी महिला की मौत मामले में पांच माह बाद भी कार्रवाई नहीं, जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग तेज। स्वास्थ्य व्यवस्था की लापरवाही या प्रशासनिक संवेदनहीनता? एक मौत के बाद भी नहीं जागा सिस्टम।




हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

सीहोर जिले के भैरूंदा सिविल अस्पताल में नसबंदी ऑपरेशन के दौरान आदिवासी महिला की मौत के मामले ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। जिस महिला डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगे थे, उनकी पांच माह बाद पुनः अस्पताल में पदस्थापना ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने और जांच रिपोर्ट सार्वजनिक न किए जाने से क्षेत्र में आक्रोश गहराता जा रहा है। दिसंबर माह में आयोजित नसबंदी शिविर के दौरान शिवानी बारेला आदिवासी महिला निवासी सिंहपुर का ऑपरेशन किया गया था। आरोप है कि ऑपरेशन के बाद उसे जल्दबाजी में घर भेज दिया गया, जहां उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सीहोर और फिर भोपाल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कथित तौर पर ऑपरेशन के दौरान गलत नस कटने ओर गंभीर लापरवाही सामने आई थी। घटना के बाद परिजनों और समाज के लोगों ने मृतका शिवानी बारेला का शव रखकर अस्पताल में प्रदर्शन किया था, तब प्रशासन ने जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया था। हालांकि पांच माह बीत जाने के बावजूद न तो जांच रिपोर्ट सार्वजनिक हुई और न ही किसी जिम्मेदार पर कार्रवाई हुई। उल्टा संबंधित महिला डॉक्टर की पुनः पदस्थापना कर दी गई, जिससे मामला फिर गरमा गया है।

#### तीनों नातिन के साथ करेंगे धरना प्रदर्शन

मृतका के पिता कमल बारेला ने भावुक होकर कहा कि उनकी बेटी की मौत के बाद उसके तीन छोटे बच्चों का भविष्य अंधकार में चला गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला और डॉक्टर को हटाकर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे अपने नातियों के साथ अस्पताल के सामने धरना देंगे। परिवार ने एक करोड़ रुपए मुआवजे और बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी उठाने की मांग की थी, लेकिन प्रशासन द्वारा मात्र दो लाख रुपए देकर मामले को समाप्त करने का प्रयास किया गया।

#### कांग्रेस नेता ने भी स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरा, लगाए आरोप

मामले को लेकर बुदनी विधानसभा क्षेत्र में भी सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल शर्मा ने स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यह घटना केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं का उदाहरण है। उन्होंने मांग की कि आदिवासी महिला की मौत की जांच रिपोर्ट तत्काल सार्वजनिक की जाए, दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो, सभी सरकारी अस्पतालों का औचक निरीक्षण कराया जाए और डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। साथ ही गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों के लिए विशेष व्यवस्था लागू करने की भी मांग उठाई गई।

#### वायरल वीडियो से बढ़ा विवाद

इसी बीच अस्पताल परिसर में एक गर्भवती महिला के फर्श पर लेटे होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से मामला और गरमा गया। इस पर अस्पताल के सीबीएमओ डॉ. मनीष सारस्वत ने सफाई देते हुए कहा कि वीडियो भ्रामक तरीके से पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि महिला को गंभीर हालत में उच्च केंद्र रेफर किया गया था और स्टाफ अन्य गंभीर मरीजों के उपचार में व्यस्त था। पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली, संसाधनों की कमी और प्रशासनिक पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर पीड़ित परिवार न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार विभाग सफाई देने में जुटा है। सिविल अस्पताल भैरूंदा के सीबीएमओ मनीष सारस्वत ने बताया कि महिला डॉक्टर के मामले में स्टेट लेवल से टीम का गठन किया गया था। जिसमें पांच सदस्यीय जांच दल बनाकर जांच की गई थी, जांच रिर्पोट में निर्दोष पाई गईं हैं।

# कालीसिंध नदी के गहरीकरण का कार्य शुरू, जनसहयोग से जल संरक्षण की बड़ी पहल

### न.प. अध्यक्ष श्रुति बघेल की मुहिम रंग लाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



नगर परिषद अध्यक्ष श्रुति कृष्णपाल सिंह बघेल की पहल पर सोनकच्छ की जीवनदायिनी कालीसिंध नदी के गहरीकरण कार्य की शुरुआत सोमवार सुबह पीपलेश्वर घाट से कर दी गई। वर्षों से नदी में लगातार गाद जमा होने के कारण उसकी गहराई और जल ग्रहण क्षमता में कमी आ रही थी, जिससे क्षेत्र के जल संरक्षण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। मानसून से पहले नदी को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण अभियान शुरू किया गया है। अध्यक्ष श्रुति बघेल ने बताया कि पिछले एक वर्ष से नदी के गहरीकरण के प्रयास किए जा रहे थे, लेकिन गत वर्ष समय से पहले नदी में पानी आ जाने के कारण यह कार्य नहीं हो सका था। इस वर्ष नदी पूरी तरह सूख जाने से गहरीकरण के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनीं और कार्य प्रारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के पास इस कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध नहीं हैं तथा जल संरक्षण अभियानों के लिए भी अलग से कोई विशेष सहायता नहीं मिल पाती है। इसके बावजूद जनसहयोग के बल पर इस अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है।अध्यक्ष द्वारा किसानों से की गई अपील का सकारात्मक असर भी देखने को मिला। सुबह से ही बड़ी संख्या में किसान अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर घाट पर पहुंचने लगे और नदी से निकलने वाली उपजाऊ मिट्टी को अपने खेतों में ले जाने लगे। किसानों का कहना है कि नदी की मिट्टी खेतों की उर्वरक क्षमता बढ़ाने में सहायक होती है, जिससे फसल उत्पादन में लाभ मिलता है। इससे एक ओर नदी का गहरीकरण होगा तो दूसरी ओर किसानों को भी फायदा मिलेगा।

# सेवानिवृत्ति पर भावुक हुए साथी शिक्षक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

शासकीय प्राथमिक शाला जोशीपुर में पदस्थ शिक्षिका अनीता चौहान की सेवानिवृत्ति पर शाला भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच शिशुपाल सिंह राजपूत मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक अनीता चौहान को भावभीनी विदाई दी गई। वहीं सरपंच शिशुपाल सिंह,बसंत सिंह राजपूत पूर्व उप सरपंच सोनू राजपूत ने पुष्प गुच्छ देकर उनकी सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं दीं वहीं हाई स्कूल के प्राचार्य राजकुमार मिश्रा ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते हमें उनका मार्गदर्शन सदैव मिलता रहेगा इसी तरह संकुल प्राचार्य ओपी यादव ने कार्यक्रम को संबोधित किया शिक्षिका रश्मि भदोरिया ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें शिक्षिकाअनीता चौहान का हमेशा सहयोग मिलता रहा है। वह आगे भी उनसे हमेशा मार्गदर्शन की अपेक्षा रखेंगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से शिक्षक कमलेश तिवारी, दीनदयाल गौर, धर्मेंद्र राजपूत, केशव चौहान, रचना नोरिया अजय गौर, अनीता सविता,रचना भारती, कमलेश तिवारी, दीनदयाल गौर,किरण यादव, शिवानी स्वामी, धीरेंद्र ठाकुर आदी उपस्थित रहे।

## जिले से अधिकतम अग्निवीर सैनिकों का चयन

**देवास।** एक सैनिक द्वारा संचालित संस्था जय हिंद अकैडमी देवास के माध्यम से भारतीय सेना में अग्निवीर का देवास जिले में अधिकतम चयन हुआ। गत 8 वर्षों से जय हिंद एकेडमी देवास के डायरेक्टर लाखन सिंह राठौड़ प्रयास कर रहे हैं और प्रतिवर्ष युवाओं को सेना में तैयार करके भेज रहे हैं। इस वर्ष 2025 की बैच के 14 युवाओं का चयन भारतीय सेना में हुआ है। सभी चयनित जवानों का पुलिस ग्राउंड देवास में स्वागत किया गया। मध्यप्रदेश के सभी जिलों से युवा आकर यहां परीक्षा की तैयारी करते है। परीक्षा में सफल होने के पश्चात स्वयं लाखन सिंह राठौड़ फिजिकल ट्रेनर के रूप में उन्हें रनिंग, बीम और लॉन्ग जंप की तैयारी करवाते है। सैनिक वेलफेयर और अग्निवीर का चयन करवाने पर लाखन सिंह राठौड़ को 22 मार्च 2026 को भारतीय थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र त्रिवेदी द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया था। अभी तक 60 से ज्यादा युवाओं का चयन भारतीय सेना में लाखन सिंह राठौड़ के माध्यम से हो चुका है और आगे भी मेहनत जारी रहेगी।

## जागरुकता शिविर का आयोजन आज

**देवास।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर 31 मई 2026, रविवार को मंडूक पुष्कर, ए.बी. रोड, देवास में जन-जागरूकता एवं स्वास्थ्य मार्गदर्शन शिविर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से 11.30 बजे तक चलेगा। शिविर में तंबाकू से होने वाली बीमारियों, मुख कैंसर एवं दंत समस्याओं संबंधी जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में देवास के कलेक्टर ऋतुराज सिंह मुख्य अतिथि, पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बैक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। आयोजकों ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर तंबाकू मुक्त जीवन का संदेश अपनाने की अपील की है।

# राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, पीजी कॉलेज सीहोर, जिला चिकित्सालय सीहोर एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता ममतेश राठौर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान किशोरियों एवं युवतियों को माहवारी स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। परामर्शदाता द्वारा बताया गया कि माहवारी महिलाओं एवं किशोरियों के जीवन की एक सामान्य एवं प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसे लेकर समाज में फैली भ्रांतियों एवं गलत धारणाओं को दूर करना आवश्यक है। किशोरियों को माहवारी के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, समय-समय पर सेनेटरी पैड बदलने, स्वच्छ कपड़े के सुरक्षित उपयोग, हाथों की सफाई एवं उपयोग किए गए पैड के सुरक्षित निस्तारण की जानकारी दी गई। साथ ही संक्रमण एवं एनीमिया से बचाव हेतु संतुलित एवं आयरन युक्त आहार लेने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में किशोरियों को आयरन फोलिक एसिड गोली सेवन, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यकता पड़ने पर स्वास्थ्य संस्थान से परामर्श लेने हेतु प्रेरित किया गया।

इसके अतिरिक्त माहवारी के दौरान मानसिक तनाव, कमजोरी एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं पर भी चर्चा की गई तथा छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किशोरियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा माहवारी से जुड़े विभिन्न विषयों पर खुलकर चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों में माहवारी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मिथकों को दूर करना एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित करना रहा।

अंत में किशोरियों को संदेश दिया गया कि माहवारी को लेकर किसी प्रकार का संकोच न रखें तथा आवश्यकता होने पर उमंग क्लीनिक एवं स्वास्थ्य संस्थानों से संपर्क कर उचित परामर्श एवं सेवाओं का लाभ लें।

# फुटबॉल प्रतियोगिता: सीहोर क्लब ने रोमांचक मुकाबले में आरएसआई को 2-1 से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में शुक्रवार की शाम को दो मैच खेले गए। इसमें पहला मैच सीहोर क्लब ने रोमांचक मुकाबले में आरएसआई को 2-1 से हराया, वहीं एक अन्य मैच में डीएसवायडब्ल्यू ने मिनी बाइज को 2-0 से हराया। इसके अलावा यहां पर जारी 85 दिवसीय निशुल्क फुटबाल प्रशिक्षण शिविर के दौरान नेशनल खिलाड़ी कोच सुयश कन्नोजिया, सचिव मनोज कन्नोजिया, सीनियर खिलाड़ी आनंद उपाध्याय, मनोज अहिरवार, मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य ने यहां पर मौजूद विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों के फुटबाल खेल की बारीकियों से अवगत किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार को पहले मुकाबले में सीहोर क्लब ने आरएसआई को 2-1 से हराया। इस मुकाबले में सीहोर क्लब की ओर से कमल-मयंक ने 1-1 गोल किया। वहीं आरएसआई की ओर से 1 मात्र गोल ध्रुव ने किया। इसके अलावा एक अन्य मैच मिनी बाइज और डीएसवायडब्ल्यू के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में डीएसवायडब्ल्यू शुरू से ही दो गोल से आगे रही। इसमें आर्थव-चित्रांश ने 1-1 गोल किया। शनिवार को ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में दो मैच खेले जाऐंगे।

### हिंगलाज माता मंदिर में रात्रिकालीन श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

# कस्बा क्षेत्र में निकाली कलश यात्रा का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हिंगलाज माता मंदिर कस्बा में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। भागवत भूषण पंडित रवि शंकर तिवारी के सानिध्य में भावसार समाज महिला मंडल के द्वारा प्रमुख मार्गो से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कस्बा क्षेत्र में अनेक स्थान पर नागरिकों के द्वारा फूल वर्षा कर स्वागत बंधन अभिनंदन किया गया। आयोजक भावसार समाज महिला मंडल के द्वारा घर-घर पहुंचकर श्रद्धालुओं को कथा का आमंत्रण दिया गया।

भावसार समाज के प्रवक्ता आशीष भावसार ने बताया कि कलश यात्रा में बैंड बाजा भगवा ध्वज और सर पर कलश रखकर सम्मिलित हुई सजी-धजी महिलाएं आकर्षण का केंद्र बनी रही। श्रीमद् भागवत कथा वाचक भागवत भूषण पंडित रविशंकर तिवारी ने श्रद्धालु महिलाओं के साथ माता हिंगलाज और भागवत जी की विधिवत पूजा अर्चना कर श्रीमद् भागवत कथा प्रथम दिवस अध्याय का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान मधुर संगीतमय भजनों के साथ पंडित श्री तिवारी ने श्रद्धालुओं को भागवत का महत्व विस्तार पूर्वक बताया। मधुर श्री कृष्णा भजनों पर श्रद्धालु महिलाएं और बुजुर्ग बच्चे नाचते हुए दिखाई दिए। भागवत व्यास गादी के पास रखी गई सुंदर गुड़िया भी मनमोहन बनी रही। श्रीमद् भागवत कथा आयोजन को लेकर भावसार महिला मंडल एवं समस्त श्रद्धालुओं में धार्मिक उत्साह देखा गया। भावसार समाज महिला मंडल की धापू भावसार , शकुनतला भावसार, आशा भावसार, इंदु भावसार, सुनीता भावसार.पुष्पा भावसार, माया भावसार ,श्वेता भावसार, रेखा भावसार , ममता भावसार, बबीता भावसार, रजनी भावसार, मधु भावसार आदि ने सभी श्रद्धालुओं से श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए माता हिंगलाज माता मंदिर कस्बा में पहुंचने की अपील की है श्रीमद् भागवत कथा रात 8:00 बजे से हरि इच्छा तक की जा रही है।

# डीजल की बिक्री व वितरण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी के निर्देश, जमाखोरी व कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री एवं आपूर्ति व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर द्वारा हाई स्पीड डीजल (HSD) की बिक्री में असामान्य वृद्धि की स्थिति को देखते हुए जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार भारत सरकार एवं ऑयल कंपनियों द्वारा अवगत कराया गया है कि कुछ बल्क उपभोक्ता सीधे ऑयल कंपनियों से डीजल प्राप्त करने के बजाय रिटेल पेट्रोल पंपों से डीजल उठाव कर रहे हैं, जो निर्धारित नियमों के विपरीत है। इस संबंध में सभी अनुविभागीय अधिकारियों तथा सेल्स ऑफिसर्स को सतर्कता बरतने एवं निरंतर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देशित किया है कि डीजल का वितरण प्लास्टिक के डिब्बों में नहीं किया जाए तथा पेट्रोल पंपों पर भीड़ नियंत्रण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति प्रभावित न हो। साथ ही जमाखोरी एवं कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा है कि सभी आवश्यक कार्रवाई कर उसकी जानकारी नियमित रूप से प्रेषित करें, ताकि जिले में डीजल की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखी जा सके।

### "जल बचाओ, जीवन बचाओ" विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित

# जल है तो कल है, एनएसएस एवं युवा रेडक्रॉस के विद्यार्थियों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ में "जल गंगा संवर्धन" अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं युवा रेडक्रास इकाई के संयुक्त तत्वाधान में प्रेरणादायक एवं जागरूकता से परिपूर्ण शपथ कार्यक्रम एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा तथा आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु जल बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था प्रभारी प्राचार्य डॉ. मंगलेश सोलंकी के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार मेवाड़ा ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाते हुए कहा कि जल केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। यदि आज जल संरक्षण के प्रति गंभीर प्रयास नहीं किए गए तो भविष्य में जल संकट मानव जीवन के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मंगलेश सोलंकी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा शक्ति यदि जल संरक्षण का संकल्प ले ले तो समाज में बड़ा परिवर्तन संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से जल के दुरुपयोग को रोकने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा अपने घर एवं आसपास जल बचाने की आदत विकसित करने का आह्वान किया। साथ ही भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए सकोरे एवं जल पात्र रखने की अपील करते हुए मानवीय संवेदनाओं का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक प्रो. प्रकाश अहिरवार द्वारा "जल बचाओ, जीवन बचाओ" विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जल संरक्षण से जुड़े प्रेरणादायक नारों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। महाविद्यालय परिसर "जल है तो कल है", "हर बूंद कीमती है" और "जल संरक्षण, राष्ट्र संरक्षण" जैसे नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रासेयो के वरिष्ठ स्वयंसेवक सुनील वर्मा, सुनील नायक एवं राहुल वर्मा के साथ विद्यार्थियों की सहभागिता रही। अंत में यह संदेश दिया गया कि यदि प्रत्येक नागरिक जल संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी बना ले, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं समृद्ध भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है।

## जल संकट पर नगर परिषद की अहम बैठक समय पर जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश



**कुरावर।** भीषण गर्मी के बीच नगर में उत्पन्न हो रही पेयजल समस्याओं को लेकर शुक्रवार को नगर परिषद परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। दोपहर 1 बजे आयोजित इस बैठक में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने नगरवासियों को निर्बाध एवं समय पर पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि गर्मी के इस कठिन दौर में नागरिकों को पानी के लिए परेशान नहीं होना चाहिए। नगर परिषद यह सुनिश्चित करे कि सभी वार्डों में नियमित रूप से नलों के माध्यम से जलापूर्ति हो तथा किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित न होने पाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से लागू की गई जल आवर्धन योजना का लाभ अब जनता को मिलने लगा है और इसका उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। हालांकि बैठक के दौरान नगरवासियों द्वारा जल गुणवत्ता को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। नागरिकों का कहना है कि नलों के माध्यम से सप्लाई किया जा रहा पानी पूरी तरह शुद्ध नहीं है। कई क्षेत्रों में पानी में मैलापन एवं कचरे जैसे कण दिखाई देते हैं। साथ ही लोगों का आरोप है कि पानी के शुद्धिकरण की प्रक्रिया प्रभावी ढंग से नहीं की जा रही है तथा नियमित रूप से ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग भी नहीं हो रहा है। नागरिकों ने नगर परिषद से जल गुणवत्ता की नियमित जांच कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। बैठक में एक और महत्वपूर्ण विषय जलकर को लेकर सामने आया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन ने जानकारी दी कि नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों की सहमति से नगर में जलकर लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत नगर के नल कनेक्शन उपभोक्ताओं से मासिक शुल्क वसूला जाएगा। हालांकि बैठक में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि जलकर की राशि कितनी होगी और इसे किस तिथि से लागू किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी शीघ्र जारी किए जाने की संभावना है। विधायक शर्मा ने नगर के विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों और आपसी सहयोग से विकास कार्यों को नई गति दी जा सकती है। अधिकारियों से जलापूर्ति व्यवस्था की नियमित निगरानी करने और शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई, सांसद प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि तारु राजपूत, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप बना, पार्षद लखन राजपूत, प्रतिनिधि मोहन वर्मा, बद्रीलाल कुशवाहा, राजू मीणा, सचिन गिरी, डॉ. रविंद्र मीणा, राजकुमार मीणा, रमेश मालवीय, अनिल दरबार, राजेश पटेल, कमल दला आदि उपस्थित रहे।

## बंद लैंप युवाओं ने कराए चालू सौंदर्यीकरण पर उठे सवाल



**नरसिंहगढ़।** महादेव मंदिर की सीढ़ियों पर सौंदर्यीकरण के तहत लगाए गए लैम्प लंबे समय से बंद पड़े थे, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही थी।

कई शिकायतों के बाद भी समाधान नहीं होने पर बाबा बैजनाथ सेना के युवाओं ने अपने खर्च पर लैम्प दुरुस्त करवा दिए। युवाओं ने सौंदर्यीकरण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद कई लैम्प कमजोर गुणवत्ता के कारण उखड़ने लगे हैं। नगरवासियों ने युवाओं की पहल की सराहना करते हुए नगरपालिका से निर्माण कार्य की जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

## श्रमोदय मॉडल आईटीआई में प्रवेश प्रारंभ

**ब्यावरा।** श्रमोदय मॉडल आईटीआई, भोपाल में नवीन सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार आधारित प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन कर सकते है। संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार परक एवं उद्योग आधारित तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। संस्थान की ओर से विद्यार्थियों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनमें जॉब गारंटी एवं प्लेसमेंट सहायता, निःशुल्क छात्रावास सुविधा, निःशुल्क यूनिफॉर्म तथा निःशुल्क अध्ययन सामग्री शामिल हैं। प्रशिक्षण अधिकारी श्रमोदय मॉडल आईटीआई द्वारा बताया गया कि प्रवेश केवल मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत हितग्राहियों के बालक एवं बालिका को दिया जाएगा। आईटीआई की विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश लेकर विद्यार्थी अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा सकते हैं। प्रवेश, ट्रेड, पात्रता एवं अन्य जानकारी के संबंध में संस्थान के प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा 3 एवं 4 जून, 2026 को जीरापुर एवं नरसिंहगढ़ में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के मार्गदर्शन हेतु जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी प्रशिक्षण अधिकारी श्रमोदय मॉडल आईटीआई भोपाल से मोबाइल नंबर 9425376830 पर संपर्क कर सकते हैं।

### विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

## आज जागरुकता गतिविधियां आयोजित कर देंगे जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले के निर्देशन में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन 31 मई, 2026 को किया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओ एवं बच्चों को तम्बाकू से बने उत्पादों के सेवन से होने वाली गम्भीर बीमारियों जैसे कैसर, टी.बी., हृदय रोग आदि से बचाव करने के लिये जन जागरूकता लाना है। वर्ष 2026 के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन की थीम विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2026 (31 मई) की थीम आकर्षण का पर्दाफाश - निकोटीन और तंबाकू की लत का पर आधारित है। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जिनमें जिले के स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित तम्बाकू नियंत्रण केन्द्र द्वारा तम्बाकू उत्पादों के सेवन से होने वाली गम्भीर बीमारियों पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। ग्रीष्म कालीन अवकाश में स्कूल के विद्यार्थियों के लिये आयोजित होने वाले विशेष समर कैंप में प्रतियोगिताएं चित्रकला, निबंध लेखन, भाषण, रंगोली आदि का आयोजन किया जाए। मैराथन, प्रभारतफैरी, नुक्कड नाटक गीत-संगीत के कार्यक्रम, तम्बाकू सेवन के दुष्परिणामों पर आधारित वॉल पेंटिंग, विद्यालय, महाविद्यालय के 100 मीटर दायरे में पानःगुटका की दुकानों पर विक्रय को प्रतिबंधित करना, शासकीय सार्वजनिक स्थलों के आस-पास बैनर द्वारा नशामुक्ति के संदेश, राष्ट्रीय नशामुक्ति हेल्पलाईन नंबर 14446 का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए तथा जिले में आयोजित समस्त कार्यक्रमों के फोटो विडियो एनएमबीए मोबाईल एप पर अपलोड कराई जाए।

## फूलमाली समाज जिला पंचायत की बैठक आज ब्यावरा में होगी संपन्न



**सारंगपुर।** फूलमाली समाज जिला पंचायत राजगढ़-चाचैड़ा की महत्वपूर्ण बैठक 31 मई को ब्यावरा स्थित पुष्पद मैरिज गार्डन, अंजनी लाल रोड पर आयोजित की जाएगी। बैठक में समाज के नियमों, संगठन की मजबूती तथा समाजहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर ठोस निर्णय लिए जाएंगे। बैठक को समाज की एकता और विकास की दिशा में अहम माना जा रहा है।

आयोजन समिति के अनुसार समाज में आपसी समन्वय बढ़ाने, गुटबाजी समाप्त करने तथा समाज को आगे बढ़ाने के लिए व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही समाज की दशा और दिशा बदलने के उद्देश्य से सभी समाजजनों के सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। बैठक में जिलेभर की फूल माली समाज पंचायतों के अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य, समाजसेवी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला पंचायत फूल माली समाज के जिला अध्यक्ष संतोष पुष्पद, महासचिव महेश पुष्पद, जिला संयोजक जगदीश पुष्पद सहित शिवनारायण पुष्पद, सीताराम मालाकार, पवन मालाकार, कैलाश सुमन, रमेश पुष्पद, सुनील पुष्पद, मनोज मालाकार एवं दिनेश सुमन ने समाज के सभी अध्यक्षों, पदाधिकारियों और समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने विचार रखने की अपील की है। वहीं फूल माली पंचायत ब्यावरा के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा जिला पंचायत फूल माली समाज तथा सारंगपुर पंचायत अध्यक्ष को एक आवेदन भी सौंपा गया है।

आवेदन में ब्यावरा पंचायत में कुछ बिंदुओं को लेकर उत्पन्न आपसी मनमुटाव का उल्लेख किया गया है। इस मामले में बैठक के दौरान पारदर्शिता के साथ चर्चा कर सभी पक्षों को साथ लेकर समाज को एकजुट करने पर विचार किया जाएगा।

### बंदूक की नोंक पर 15 लाख के जेवर-नकदी लूटे

## फिल्मी स्टाइल में डकैती, 5 हथियारबंद बदमाशों ने शिक्षक के घर धावा बोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास



मलावर थाना क्षेत्र के ग्राम तरेना में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात फिल्मी अंदाज में सनसनीखेज डकैती की वारदात सामने आई है। हथियारबंद बदमाशों ने घर में घुसकर परिवार को बंधक बनाकर लाखों की लूट को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार, रात करीब 1 बजे पांच बदमाश तरेना निवासी भारत सिंह लोधा शिक्षक के घर में घुस गए। आरोपियों ने भारत सिंह और उनकी पत्नी को बंदूक की नोक पर डराया-धमकाया और विरोध करने पर उनके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। इसके बाद घर में रखे करीब 15 लाख रुपये' के सोने-चांदी के जेवरात व नगदी लूटकर फरार हो गए। घटना की सूचना पर शुक्रवार सुबह' मलावर थाना व लखनवास चैकी पुलिस के साथ एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल से फिंगर प्रिंट और अन्य साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ डकैती का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ति शिक्षक भारत सिंह लोधा का कहना है, हम दोनों पति-पत्नी बहुत डरे हुए हैं। पुलिस से मांग है कि जल्द से जल्द हमारा सामान दिलवाया जाए एवं आरोपियों को पकड़ा जाए। थाना प्रभारी मलावर का कहना है, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई गई है।

टीम ने फिंगरप्रिंट लिए हैं। साक्ष्य और सबूत जुटाकर जल्द से जल्द आरोपियों तक पहुंचेंगे मलावर थाना क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि लखनवास क्षेत्र में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। पहले भी कई वारदातें हो चुकी हैं लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आए। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि यदि पुलिस प्रशासन की कार्रवाई नरम रही और ऐसी डकैती की वारदातें होती रहीं तो आमजन का प्रशासन से विश्वास उठने लगेगा।

## महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर किया प्रदर्शन, पेट्रोल पंप पर बांटी मेलोडी



**जीरापुर।** नगर में यूथ कांग्रेस ने पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यालय से कागेसीयों ने पैदल मार्च निकाला, जो नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरा। इस दौरान उन्होंने पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर लोगों को मेलोडी टॉफियां बांटीं।

कार्यकर्ताओं ने हाथों में पार्टी के झंडे लेकर महंगाई के खिलाफ नारेबाजी की। पेट्रोल पंपों पर डीजल और पेट्रोल लेने आए वाहन चालकों को मेलोडी टॉफी देते हुए कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। यूथ कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष हेमराज गुर्जर ने कहा कि दिनों-दिन पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। इसका सीधा असर मध्यम वर्ग और किसानों पर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में विफल रही है।

विरोध प्रदर्शन के दौरान बढ़ती महंगाई को लेकर हमने पेट्रोल पंप पर आने-जाने वालों को चॉकलेट बताकर विरोध प्रदर्शन किया और हम लोग चंदा इकट्ठा कर एक साइकिल खरीद कर सांसद रोडमल नागर को पचोर स्थित आवास पर जाकर भेंट करेंगे ताकि बढ़ती ईंधन कीमतों की विरोध का संदेश दिया जा सकेगा। पहले आम लोगों को हवाई यात्रा कराने की बात कही जाती थी, लेकिन अब हालत यह है कि लोग रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने सोने की बढ़ती कीमतों और पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाए।

## दशहरा मैदान में अवैध निर्माण हटाने की मांग

### हिंदू उत्सव समिति ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शहर के दशहरा मैदान में हो रहे कथित अवैध निर्माण तथा अतिक्रमण को लेकर हिंदू उत्सव समिति सारंगपुर द्वारा शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है।

ज्ञापन में बताया गया है कि नगर पालिका परिषद सारंगपुर क्षेत्र अंतर्गत स्थित पुराना दशहरा मैदान राजस्व रिकॉर्ड में हिंदू समाज के नाम से दर्ज है। समिति का आरोप है कि दशहरा मैदान परिसर में पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा नया निर्माण कार्य किया जा रहा है, जो पूरी तरह अवैध है। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि उक्त भूमि पर पहले से भी अतिक्रमण की शिकायतें की जा चुकी हैं। पूर्व में 26 मई 2026 को भी प्रशासन को ज्ञापन देकर दशहरा मैदान से अवैध कब्जे हटाने की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि लगातार हो रहे निर्माण कार्य से हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं तथा सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर कब्जे की स्थिति बन रही है।

समिति ने प्रशासन से मांग की है कि दशहरा मैदान से सभी अवैध अतिक्रमण तत्काल हटाए जाएं और जारी निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाए। ज्ञापन सौंपने के बाद एसडीएम रोहित बम्होरे ने समिति पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी। हिंदू उत्सव समिति ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो समाजजन आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

ज्ञापन देने वालों में हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, अशोक साहू, अनिल जैन, महेश पाटीदार, वैभव पुष्पद, सतीश राठौर, सतीश गिरजे, अमित दुबे, राजेश बंसल, नवीन रुण्डवाल, दिनेश धनगर सहित अन्य मौजूद थे।

## श्रीराम कथा में उमड़े श्रद्धालु, आध्यात्म कथा श्रवण कर भक्त ले रहे धर्मलाभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नगर के श्री सत्यनारायण मंदिर में आयोजित संगीतमय श्री राम कथा एवं आध्यात्म राम कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं। कथा का आयोजन 17 मई से 15 जून तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक किया जा रहा है। कथा के दौरान मंदिर परिसर भक्ति रस में सराबोर हो रहा है तथा वातावरण पूरी तरह राममय बना हुआ है।कथा व्यास पं. श्री हर्षित वैष्णव द्वारा भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, भक्ति एवं धर्म के महत्व पर विस्तार से प्रवचन दिए जा रहे हैं। कथा में श्रीराम चरित्र, भक्तिभाव, सत्संग और आध्यात्मिक जीवन के महत्व को सरल एवं मधुर शैली में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसे श्रद्धालु भावविभोर होकर सुन रहे हैं।कथा आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन एवं संगीतमय प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। आयोजन में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। मंदिर सेवा समिति एवं समस्त भक्तजनों द्वारा आयोजन की व्यवस्थाएं संभाली जा रही हैं।

### कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में दिए निर्देश

## किसानों के भुगतान में किसी प्रकार की परेशानी न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



जिला उपार्जन समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उपार्जन कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन किसानों का भुगतान किसी कारणवश फेल हुआ है, उनके खातों की तत्काल ई-केवाईसी कराई जाए अथवा आवश्यकता अनुसार खाता परिवर्तन की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को भुगतान संबंधी किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बैठक में कहा कि उपार्जन कार्य शासन की प्राथमिकता से जुड़ा विषय है, इसलिए सभी अधिकारी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जिन खरीदी केंद्रों पर गेहूं का परिवहन अभी शेष है, वहां से शीघ्र परिवहन कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि उपार्जित गेहूं का समय पर भंडारण सुनिश्चित हो सके।बैठक में उपार्जन कार्यों की प्रगति, भुगतान की स्थिति एवं परिवहन व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला उपार्जन समिति के सदस्यगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### ई-टोकन प्रणाली से ही किसानों को खाद वितरण सुनिश्चित करने दिए निर्देश

**ब्यावरा।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि विभाग एवं सहकारिता विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में किसानों को खाद वितरण व्यवस्था की ब्लॉकवार समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि किसानों को खाद का वितरण केवल ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से ही किया जाए तथा वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी एवं व्यवस्थित रहे। उन्होंने सभी अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन ई-विकास प्रणाली पोर्टल का अवलोकन करें तथा पोर्टल पर किसी भी प्रकार की पेंडेंसी न रहे, यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने डीएम सीसीबी ब्यावरा - सुठालिया, माचलपुर एवं सारंगपुर द्वारा ई-टोकन प्रणाली से खाद वितरण नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पचोर सोसायटी की जांच के निर्देश संबंधित एसडीएम को दिए गए। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी संस्था प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि खाद वितरण के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा समय पर खाद उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि वितरण व्यवस्था में लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कृषि विभाग, सहकारिता विभाग एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

**खबर संक्षेप**

## समिति के साथ विधायक ने किया निरीक्षण



**आष्टा।** नगर के कन्नौद रोड स्थित मुकाती की बावड़ी परिसर में आगामी 2 जून से 8 जून 2026 तक आयोजित होने वाली श्री बागेश्वर धाम कथा,11 लाख रुद्राक्ष वितरण महोत्सव एवं 101 कन्याओं के निःशुल्क विवाह समारोह की तैयारियों की समीक्षा एवं समिति के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर कथा स्थल पहुचे । कथा स्थल पर क्षेत्रीय विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यक्रम अध्यक्ष संजीव सोनी पांचम,समिति के प्रमुख मानस भवन समिति अध्यक्ष सत्यनारायण कमरिया, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष भूरू मुकाती, शीतला माता मंदिर समिति अध्यक्ष दिनेश सोनी, द्वारका दादा सोनी, प्रकाश कुशवाहा, नितेश महाकाल के साथ कथा स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया एवं समिति के सदस्यो ने जो मांग की उसको लेकर अधिकारीयो को निर्देश दिये । समिति के प्रमुख संजीव सोनी पांचम ने 2 जून से 8 जून तक के सभी कार्यक्रमो की एवं संतो के आगमन की विस्तृत जानकारी दी ।

## ग्रीष्मकालीन मूंग के पंजीयन प्रारंभ

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर 25 मई से ग्रीष्मकालीन मूंग के पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 15 जून 2026 है। जिन भी किसानों ने मूंग की बुवाई की है वे शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर अपने मोबाइल या कंप्यूटर पर निर्धारित लिंक से पंजीयन कर सकते हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय तथा सहकारी समितियों द्वारा संचालित सुविधा केंद्रो पर भी पंजीयन कराया जा सकता है। किसान एमपी ऑनलाइन के माध्यम से भी अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के लिए किसान अपने साथ भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, आधार लिंक मोबाइल नंबर, फोटो पहचान पत्र लेकर पहुंचें।

### 46 लाख का आयुष्मान घोटाला: 4 माह बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

# जांच रिपोर्ट के निष्कर्ष में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की भूमिका सामने आई!

### कार्यवाही नहीं होने से, स्वास्थ विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




आष्टा के सिविल अस्पताल में 46 लाख रुपए के आयुष्मान घोटाले में अब तक कार्यवाही नहीं होने से यह आयुष्मान घोटाला महज मजाक बनकर रह गया है आलम यह है कि केंद्र की आयुष्मान योजना को लूटने वाले सरकारी भ्रष्टाचारियों पर जिले के जिम्मेदार अधिकारियों ने 4 माह बीतने के बाद भी एफआईआर तो दूर की बात विभागीय कार्यवाही करने की हिम्मत भी नहीं जुटा पा रहा है जिससे एक तरफ तो ईमानदारी से कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल टूट रहा है तो दूसरी और भ्रष्टाचार करने वाले सरकारी दीमको के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं ऐसे में आयुष्मान घोटाले के आरोपियों पर अब तक कार्यवाही नहीं होने से आमजन चोक चौराहों पर सरकारी अधिकारियों पर ही सरकारी सिस्टम का मजाक उड़ाने की बातें करते हुए नजर आ रहे हैं।

### अधिकारियों की मिलीभगत से घोटाला

आयुष्मान विभाग भोपाल के आदेश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया द्वारा गठित 6 सदस्यीय जांच टीम ने 3 महीने की लंबी पड़ताल में बारीकी से की जांच रिपोर्ट को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया के सामने पेश की थी। जिसके बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया ने सीहोर कलेक्टर के सामने यह जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही लेकिन उक्त मामले पर सीहोर कलेक्टर की तरफ से भी कोई ठोस कार्यवाही देखने को नहीं मिली। इसके बाद इस घोटाले में शामिल प्रमोद परमार को आष्टा से बिलकिसगंज स्थांतरित कर अपनी पीठ थपथपाने का प्रयास स्वास्थ विभाग करता हुआ नजर आया लेकिन कोई बड़ी कार्यवाही नहीं होते देख सीहोर के कांग्रेस नेता ने सूचना के अधिकार के तहत जांच रिपोर्ट प्राप्त की जिसमे उक्त जांच रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे देखने को मिले हैं उक्त जांच टीम की निष्कर्ष रिपोर्ट में स्वास्थ विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारीयो की इस आयुष्मान घोटाले में भूमिका सामने आई है वही 6 सदस्यीय जांच टीम की निष्कर्ष रिपोर्ट में सीधे सीधे स्वास्थ विभाग के तत्कालीन तीन बीएमओ, तत्कालीन लेखापाल और सिविल अस्पताल के फार्मासिस्ट स्टोर इंचार्ज प्रमोद परमार, आयुष्मान मित्र जगदीश मेवाड़ा और 2 अन्य लोगों की 46 लाख रुपए के आयुष्मान घोटाले में भूमिका सामने आई है वही जांच टीम ने उचित कार्यवाही का भी निष्कर्ष रिपोर्ट में उल्लेख किया है लेकिन 4 माह बाद भी भी कार्यवाही नहीं होना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया की संलिप्तता को भी उजागर करता है।

### आरटीआई में खुलासा, आरोप सिद्ध

सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले ने सिविल अस्पताल आष्टा से आयुष्मान भारत निरामायम योजना अन्तर्गत प्रोत्साहन की राशि सन 2018 से 2025 तक के भुगतान/वितरण की जानकारी सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त की थी। जिसमें उक्त राशि जो लगभग 46 लाख के करीब है। उसके स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत डॉक्टरों व विभाग के अन्य कर्मचारियों के बीच प्रोत्साहन के रूप में वितरण की जानी थी। उक्त राशि निरामायम योजना के समय-समय पर प्रभारी रहे चेकर एवं मेकर डॉ.प्रवीर गुप्ता, डॉ.सुरेश कुमार माहोर, डॉ.जी.डी सोनी एवं श्री एम.एल.वर्मा की आईडी तथा पासवर्ड से संविदा कर्मचारी प्रमोद परमार, जगदीश मेवाड़ा द्वारा उनके रिस्तेदार कान्ता परमार, दिक्षा परमार, बविता परमार, शुभम परमार एवं जगदीश मेवाड़ा, सागर मेवाड़ा द्वारा राशि इनके स्वयं के सम्बंधितों के बैंक खाते में ट्रांसफर कर आष्युमान योजना की राशि बंदरबाट कर निकालकर हड़प की जा चुकी है। उक्त जानकारी खंगराले द्वारा आरटीआई के तहत प्राप्त की गई है, जिसमें सीएमएचओ डेहरिया द्वारा छः सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट भी प्राप्त हुई है। समिति की रिपोर्ट के लेख में 46 लाख के गवन के प्रकरण में कोई कार्यवाही नही होना यह दर्शाता है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की भाजपा सरकार में जिले में भ्रष्टाचार खूब फलफूल रहा है और दोषियों पर कोई कार्यवाही नही कि जाना वरिष्ठ अधिकारियों को संदेह गेहरे में लाता है। जबकि छः सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट जिले के कलेक्टर को भी सौंपी जा चुकी है।

### बर्खास्त कर एफआईआर की मांग

खंगराले द्वारा प्रकरण में राजेन्द्र शुक्ला उप मुख्यमंत्री तथा मंत्री लोक स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण विभाग, राज्यसभा के वरिष्ठ सांसद पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रमुख सचिव संदीप यादव, आयुक्त तरूण भाटी, संचालक मलिका निगम नागरे, दिनेश श्रीवास्तव एवं कलेक्टर सीहोर की जनसुनवाई में जिला पंचायत सीहोर को मांग पत्र सौंप कर दोषियों पर एफआईआर एवं उनकी सेवाऐं समाप्त कर जैल भेजने की मांग की गई है।

**उपर से ही कार्रवाई होगी**

हमने जांच रिपोर्ट ऊपर अधिकारियों को भेज दी है जांच टीम का प्रतिवेदन शिकायत शाखा भोपाल भेज दी है कार्यवाही करना मेरे अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। उपर से ही कार्रवाई होगी।

**सुधीर डहरिया,** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

# ग्राम दोनिया बनेगी आष्टा जनपद की आदर्श पंचायत

### टीन शेड का विधायक ने किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने दोनिया पंचायत के ग्राम शोभाखेड़ी में मालवीय समाज की धर्मशाला में 10 लाख की लागत से बने टीन शेड के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। 10 लाख की विधायक निधि से ग्राम में सभी मांगलिक, सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम ग्रामीण एक छत के नीचे कर सके की सुविधा टीन शेड का लोकार्पण विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिओम पिंटू परमार, मंडल उपाध्यक्ष हरेन्द्र ठाकुर, सरपंच जितेन्द्र सिंह ठाकुर शोभाखेड़ी, खुमानसिंह पडियार, अजाबसिंह ठाकुर,बूथ अध्यक्ष हरिओम,जितेंद्र पंवार,रमेश मास्टर साहब,देवीसिंह जी, सहित अन्य नागरिको की उपस्तिथि में किया। आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक इंजीनियर ने कहा की मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के नेतृत्व में आष्टा को लगातार विकास की सौगातें मिल रही हैं। कुछ दिनों पूर्व मुख्यमंत्री जी ने करीब 200 करोड़ के विकास कार्यो के लोकार्पण एवं भूमिपूजन जिसमे यहां दो नवीन सांदीपनि विद्यालय आष्टा एवं जावर के, एसडीएम कार्यालय, महाविद्यालय छात्रावास, 54 सामुदायिक भवन और अनेक सड़कों का लोकार्पण भूमिपूजन किया था । विधायक इंजीनियर ने कहा की सिंचाई के क्षेत्र में वृध्दि को लेकर मेरे क्षेत्र को नर्मदा पार्वती लिंक योजना जो कि ढाई सौ करोड़ की है का कार्य अंतिम चरण में है इस ही वर्ष के अंत तक हर खेत तक नर्मदा का पानी पहुचे ये लक्ष्य है । इससे मेरे क्षेत्र में 75 हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई का रकबा बढेगा,किसानों की आय में वृध्दि होगी,मेरा क्षेत्र हरा भरा होगा । इस योजना से लगभग 268 ग्राम लाभान्वित होंगे । हमारे नेता हरेन्द्र ठाकुर ने आज एक सड़क की मांग की है इसको भी पूरा करेंगे । सरपंच जितेन्द्र शोभाखेड़ी ने पेबर्स ब्लॉक की मांग की है उसके लिये 05 लाख की राशि की विधायक ने घोषणा की वही हनुमान मंदिर,रामदेव एवं सीतलामाता मन्दिर के लिये भी 50 हजार की राशि की घोषणा की । आज विधायक ने दोनिया पंचायत को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने की घोषणा करते हुए कहा कि इस पंचायत में चार ग्राम लगते है,कोई चिंता ना करे चारो ग्रामो का विकास होगा। हमारी सरकार की सब पर समान दृष्टि है। विकास कार्यो,जनकल्याण एवं गरीब कल्याण की योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ मिलेगा इस पंचायत के सभी 450 पीएम आवास की सूची को भी स्वीकृति मिलने वाली है सबके नाम आवास में जुड़ेंगे। विधायक ने बताया की बीते दो वर्ष में विधायक निधि 05 करोड़ से पूरे विधानसभा क्षेत्र में नागरिको की मांग पर विकास के कार्य कराये गये है।

## सरस्वती शिशु मंदिर की संयोजक मंडल की बैठक संपन्न हुई

**जावर।** ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर ग्वाला में संयोजक मंडल की बैठक संपन्न हुई बैठक का विधिवत शुभारंभ मां सरस्वती पूजन के साथ हुआ। बैठक में अतिथि परिचय विद्यालय की प्रधानाचार्य धनकुंवर मालवीय ने कराया तथा अतिथि स्वागत दीदी कु लक्ष्मी वर्मा द्वारा किया गया बैठक में चंद्रप्रकाश दीक्षित जिला प्रमुख सीहोर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ साथ में संकुल प्रमुख कजलास उदय सिंह ठाकुर एवम् व्यवस्था प्रमुख मान सिंह ठाकुर साथ रहे।बैठक में नवीन प्रधानाचार्य दायित्व गृहण ,शुल्क संग्रह,विषय आचार्य की स्थिति पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई।बैठक में संयोजक मंडल से विजेंद्र सिंह ठाकुर,नरेंद्र वर्मा,धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर एवम् नवीन प्रधानाचार्य दीदी अल्का शर्मा, दीदी कु पायल भी उपस्थिति रही।

# सांदीपनि विद्यालय में चल रहे समर कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के सांदीपनि विद्यालय आष्टा में लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार दिनांक 1 मई 2026 से एक माह का समर कैंप आयोजित किया गया जिसमें कक्षा 3 से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी अपनी रुचि अनुसार विभिन्न गतिविधियों जैसे खेल कूद, ड्राइंग, पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट , योग एवं प्राणायाम में सहभागिता कर अपना शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास किया। कार्यक्रम के समापन समारोह में विद्यालय के प्राचार्य सितवत खान ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि समर कैंप केवल छुट्टियां बिताने का माध्यम नहीं था, बल्कि यह स्वयं को पहचानने, नई चीजे सीखने और अपने अंदर छिपी प्रतिभाओं को निखारने का एक सुंदर अवसर था। उन्होंने बच्चों से कहा कि इन दिनों आपने खेल, कला, संगीत, योग, ड्राइंग, पेंटिंग,आर्ट एंड क्राफ्ट और अनेक रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर यह साबित कर दिया की सीखना केवल कक्षा की चार दीवारों तक सीमित नहीं होता है। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक तथा एकेडमिक समन्वयक अंतेश धारवा ने कहा कि समर कैंप में आपने केवल नई बातें नहीं सीखी बल्कि अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व, आत्मविश्वास और टीम भावना जैसे जीवन के महत्वपूर्ण गुण भी विकसित किए हैं। माध्यमिक विभाग के प्रधान अध्यापक राजीव सरसिया ने बच्चों से कहां की इस कैंप में जो उत्साह, ऊर्जा और सीख आपने प्राप्त की है उसे अपने जीवन में हमेशा बनाए रखें। समर कैंप में ड्राइंग पेंटिंग एवं आर्ट एंड क्राफ्ट के प्रशिक्षक श्री राम श्री वादी एवं खेलकूद प्रशिक्षक संगीता ठाकुर ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए अपने जीवन में अनुशासन बनाए रखने के लिए कहां और विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा की। समर कैंप प्रभारी शिक्षक सतीश वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहां कि जीतने वाला ही महान नहीं होता, बल्कि सीखते रहने वाला महान होता है। कार्यक्रम में शिक्षक जितेंद्र मेवाडे, विजय अडगले, कमलेश वर्मा, पंकज कुमार, एस के सिंगारिया,राजेश राठौर, अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# खेल मैदान के लिए पूर्व नपा अध्यक्ष के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने कलेक्टर के नाम दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नगर में पहले कजलास रोड पर हायर सेकेन्ड्री विद्यालय के ग्राउण्ड और थाना वाले ग्राउंड पर युवा क्रिकेट खेला करते थे। परंतु सभी जगह लगभग निर्माण हुआ है। जिसकी वजह से नगर में खेलों पर अब प्रतिबंध ही लग गया। जो युवा खेलों के लिए प्रेक्टिस करना चाहते हैं उनके लिए अब कहीं पर भी मैदान नहीं बचा है। ऐसी स्थिति में युवाओं ने स्थाई मैदान के लिए जावर नगर के पूर्व अध्यक्ष शैलेष कुमार वैद्य के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। मांग की है कि परोलिया ओर खजुरिया रोड पर लगभग 12 बिघा शासकीय भूमी है। जहां पर युवाओं को खेल मैदान दिया जा सकता है। यदि प्रशासन चाहे तो उक्त भूमि का सीमांकन करवाकर खेल मैदान बनवा सकता है। सीए राहुल ठाकुर ने कहा कि आज नगर में खेल मैदान का आभाव है। यदि स्थाई खेल मैदान मिलता है तो खेल प्रतिभाएँ नगर का नाम रौशन कर सकती है। खिलाड़ी भूपेन्द्र ठाकुर ने कहा कि युवाओं को ज़रूरत है आज नगर में खेल ग्राउण्ड होना। क्रिकेट खिलाड़ी रविंद्र ठाकुर ने कहा कि यदि नगर के युवाओं को मौका मिले तो वहां प्रदेश व देश स्तर पर भी नगर का नाम रौशन कर सकते हैं। संदीप ठाकुर ने कहा कि खेल मैदान न होने की वजह से युवाओं में निराशा है, करणी सेना अध्यक्ष व खिलाड़ी शिशुपाल ठाकुर ने कहा नगर में खेल ग्राउंड बनता है तो आज नगर का नाम रौशन होगा यह ज़िम्मेदारी जन प्रतिनिधियों को भी ईमानदारी से निभानी चाहिए। यह कोई राजनैतिक मामला नहीं है। खिलाड़ी गोलु श्रीवास्तव ने कहा कि हम लोग सुबह जल्दी उठकर क्रिकेट की प्रैक्टिस करते हैं। क्रिकेट खिलाड़ी दीपेश वैध ने कहा कि मैदान न होने की वजह से आज हमें क्रिकेट छोड़ना पड़ा। लेकिन बड़ा ही दुख का विषय है कि नगर में अब कोई भी खेल ग्राउण्ड नहीं है। प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। इस विषय पर भारी संख्या में सभी खिलाड़ी व खेल प्रेमी मुख्य बाज़ार गाँधी चौक पर एकत्रित हुए। जहाँ से उन्होंने तहसील को प्रस्थान किया तथा तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा को कलेक्टर के नाम ज्ञापन देते हुए कहा कि नगर में कई जगहों पर शासकीय भूमि है। जिसमें अरोलिया परोलिया रोड पर लगभग 12 बीघा ज़मीन शासकीय है। जिस पर लगातार अतिक्रमण हो रहे हैं। यदि वह भूमि खेल मैदान के लिए आवंटित कर दी जाए तो युवाओं को सहूलियत होगी। इस पर तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा ने कहा कि हम ज़िलाधीश से उक्त संबंध में चर्चा कर इस विषय पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। साथ ही उक्त भूमि पर से अतिक्रमण हटवा कर युवाओं को खेल मैदान की व्यवस्था करवाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से भी विचार विमर्श किया जाएगा तथा जल्द ही खेल मैदान की स्थायी व वैकल्पिक व्यवस्था भी की जाएगी । इस अवसर पर रविंद्र ठाकुर, संदीप ठाकुर ,जयदीप ठाकुर, दीपू लक्षकार, अतुल पाटीदार ,भानु प्रताप, ज्ञान सिंह,इरशाद मन्सूरी, दानिश,दीपेश वैद्य, विजेन्द्र परिहार ,आशीष ,तरुण सेन, सचिन पाटीदार, देवेन विश्वकर्मा, एलेक्स ,विकाश सहित भारी संख्या में युवा खिलाड़ी उपस्थित थे।

### रात्रि कालीन श्रीमद् भागवत कथा सुनने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

# कथा संस्कार को अपने जीवन में उतारिए: पं रवि शंकर तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




हिंगलाज माता मंदिर कस्बा परिसर में आयोजित रात्रि कालीन श्रीमद् भागवत कथा में शुक्रवार की रात भागवत भूषण पंडित रविशंकर तिवारी ने कहा कि भगवान की कथा मनोरंजन के लिए नहीं जीवन में उता रने के लिए होती है। महाभारत समाप्ति करने के बाद श्रीमद् भागवत कथा शुरू होती है। वेदव्यास जी महाराज ने भागवत जी की रचना की है। कलयुग 4 लाख 32 हजार वर्ष का होगा। कलयुग के अंत में लोग चने के झाड़ के नीचे बैठकर पंचायत कर लेंगे। घोर कलयुग में पाप अपने चरम पर होगा। अन्याय अत्याचार प्राकृतिक आपदाएं बढ़ जाएंगी। प्रभु स्मरण और मानवीयता जब पूर्ण रूप से समाप्त हो जाएगी तब कलयुग के अंत में भगवान कल्कि का अवतार होगा। पंडित श्री तिवारी ने कहा कि राजा परीक्षित को अपमान करने पर ब्राह्मण देवता ने 7 दिन में सर्पदंत से मृत्यु का श्राप दिया था। राजा परीक्षित को तक्षक नाग से बचाने के लिए सुखदेव जी ने उन्हें भागवत कथा सुनाई थी। अंत में राजा परीक्षित की भगवान की कृपा से मृत्यु नहीं हुई वह मोक्ष को प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति धर्म के लिए तत्पर रहता है भगवान भी उसकी मदद के लिए तत्पर रहते हैं। जिसके मन में छल कपट होता है उसे भगवान भी स्वीकार नहीं करते हैं। भक्त को केवल मनोरंजन के लिए कथा नहीं सुननी चाहिए।हरि कथा प्रसंग को गंभीरता पूर्वक श्रवण कर कथा संस्कार को जीवन में उतारना चाहिए। पंडित तिवारी ने कथा प्रसंग के दौरान कहा कि वेदव्यास जी महाराज ने सुखदेव बाबा को कथा सुनाई थी। भागवत कथा मोक्ष का रास्ता दिखाती है रामचरितमानस मनुष्य को पृथ्वी पर सुखपूर्वक मैत्री भाव के साथ जीना सिखाती है। रामचरितमानस जीवन को बदल देती है भाई भाई में प्रेम जगा देती है जिस प्रकार भगवान श्री राम जब वनवास चले जाते हैं तो उनके छोटे भाई भरत अपने सिर पर उनकी खड़ाऊ रखकर बड़े भाई के दायित्व को निभाते हैं और राज्य करते हैं लेकिन जैसे ही भगवान श्री राम अयोध्या पहुंचते हैं तब भरत जी उन्हें सहर्ष राज्य सत्ता सौंप देते हैं चारों भाई मिलजुल कर रहते थे। प्रजा भी सुख पूर्वक जीवन यापन करती है यही रामचरितमानस है।

### हर घर में हो रही महाभारत बंद हो

पंडित श्री तिवारी ने आगे कहा कि रामचरितमानस रामायण की पोथी हर घर में होती है लेकिन कोई जीवन में रामायण को उतरता नहीं है जबकि महाभारत पोथी किसी घर में नहीं होती है लेकिन महाभारत हर घर में होती है भाइयों बहनों में पति-पत्नी में पिता और पुत्रों में छोटी बातों को लेकर महाभारत हो रही है। रामचरितमानस त्यागना छोड़ना सिखाती है भाई के लिए मरना भाई के लिए जीना सिखाती है। इसी प्रकार विभिन्न कथा प्रसंग के माध्यम से पंडित श्री तिवारी ने श्रद्धालुओं को भक्ति का मार्ग दिखाया। हिंगलाज माता मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भावसार समाज महिला मंडल के द्वारा कराया जा रहा है। कथा शुभारंभ से पहले माता हिंगलाज की पूजा अर्चना की गई।

# केंद्रों पर एक लाख 19 हजार क्विंटल गेहूं की हुई खरीदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर 15 अप्रैल से गेहूं खरीदी चालू की गई थी जिसका 28 मई दिन गुरुवार को समापन हो गया 15 अप्रैल से 28 मई तक मां बिजासन वेयरहाउस सिद्धिकगंज सेंटर पर 47 हजार कुंटल गेहूं की आवक रही पगारिया सेंटर मां नर्मदा वेयरहाउस पर 28 हजार क्विंटल गेहूं की आवक रही। खामखेड़ा सेंटर पलक वेयरहाउस पर 44 हजार क्विंटल गेहूं की आवक रही। पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष गेहूं की आवक अधिक रही। इस बार किसानों को तेज गर्मी में दो दो चार-चार दिन गेहूं तुलाई का इंतजार करना पड़ा। जिससे किसान परेशान नजर आए। तीनों सेंटर पर किसानों को बैठने व पानी की व्यवस्था अच्छी रही। तीनों सेंटर के प्रभारी संतोष कुमार जैन, तुलसीराम बाड़ोलिया, राजकुमार शर्मा ने सभी किसानों का व्यवस्था में सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। समापन मौके पर जिला सहकारी बैंक के अधिकारी व सेंटर प्रभारी, कर्मचारी व किसान बंधु उपस्थित थे।